B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

ANNUAL EXAMINATION (2025-26)

HINDI

Class : IV **SET-A** Duration : **1.30 Hrs**

Date :14.03. 2026 Max. Marks : **40**

सामान्य निर्देश-

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

खंड क (अपठित बोध)

प्रश्न **1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लकड़ी को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है । वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

(i) कछुआ कहाँ रहता था? [1]

(a) नदी (b) नहर (c) जंगल (d) तालाब

(ii) तीन मित्र कौन-कौन थे? [1]

(a) दो हंस एक कछुआ (b) एक कछुआ और एक हंस
(c) तीन हंस (d) तीन कछुए

(iii) किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी? [1]

(a) हंसों को (b) कछुए को
(c) लोगों को (d) सभी को

(iv) तालाब सूख गया, क्योंकि:- [1]

(a) बहुत गरमी थी (b) बहुत सरदी थी
(c) बहुत वर्षा हो रही थी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(v) तालाब में कितने हंस थे? [1]

(a) चार (b) तीन (c) पाँच (d) दो

(vi) हंसों ने कछुए को क्या सलाह दी? **[1]**
(vii) कछुए ने क्या गलती की और उसके साथ क्या घटना घटी ? **[1]**

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न **2** नीचे लिखे वाक्य में कारक चिन्ह का प्रयोग करके लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) घर ---- कौन है?
(ii) आकाश ------ बता देना |
(iii) मैं घर ---- विद्यालय जाता हूँ |

प्रश्न **3** दिए गई गिनती को शब्दों में लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) २१
(ii) १५
(iii) ४५

प्रश्न **4** लिंग बदलिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) पुत्र
(ii) सेठ
(iii) श्रीमान

प्रश्न **5** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) खेती करने वाला
(ii) जो कभी न मरे

प्रश्न **6** संज्ञा शब्द पहचानिए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) कमल मेरा भाई है |
(ii) मोर नाचता है |

प्रश्न **7** दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) पंखा
(ii) दरवाज़ा
(iii) बगीचा

प्रश्न **8** दिए गए मुहावरे के अर्थ लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) आँख का तारा
(ii) फूला ना समाना
(iii) नौ दो ग्यारह होना

प्रश्न **9** सर्वनाम शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) तुम
(ii) उन्होंने

प्रश्न **10** दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द बताइए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) राज पढ़ रहा है ||
(ii) रवि कार चला रहा है |

प्रश्न **11** दिए गए वाक्य में काल भेद बताइए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) कल विहान का जन्मदिन था |
(ii) रवि पढ़ रहा है |

खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न **12**. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए **:-** **[5]**

सड़क सुरक्षा के नियम हमारे जीवन को सुरक्षित रखने के लिए बहुत आवश्यक हैं। सड़क पर चलते समय हमें हमेशा बाईं ओर चलना चाहिए। सड़क पार करते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना चाहिए। लाल बत्ती होने पर रुकना और हरी बत्ती होने पर चलना चाहिए। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। बच्चों को सड़क पर खेलना नहीं चाहिए। यदि हम सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें, तो दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

प्रश्न1. सड़क सुरक्षा के नियम क्यों आवश्यक हैं?

(क) समय बिताने के लिए (ख) खेल खेलने के लिए

(ग) जीवन को सुरक्षित रखने के लिए (घ) शोर मचाने के लिए

प्रश्न2. सड़क पर चलते समय हमें किस ओर चलना चाहिए?

(क) दाईं ओर (ख) बीच में (ग) बाईं ओर (घ) कहीं भी

प्रश्न3. सड़क पार करने के लिए किसका उपयोग करना चाहिए?

(क) पुल (ख) ज़ेब्रा क्रॉसिंग (ग) मोड़ (घ) फुटपाथ

प्रश्न4. वाहन चलाते समय क्या पहनना चाहिए?

(क) टोपी (ख) जूते

(ग) हेलमेट / सीट बेल्ट (घ) चश्मा

प्रश्न5. बच्चों को सड़क पर क्या नहीं करना चाहिए?

(क) चलना (ख)खेलना (ग) देखना (घ) रुकना

प्रश्न 13. दिए गए अति लघु प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए:- (कोई चार) **[4]**

(i) मान्या किसके साथ नानी के घर गई थी ?

(ii) महाराज कृष्णदेवराय कहाँ के रजा थे?

(iii) किसे हरियाली देखकर अच्छा लगा?

(iv) कहाँ रहेगी चिड़िया किसने लिखी?

(v) ओणम कहाँ का प्रमुख त्योहार है?

(vi) किसकी कभी हार नहीं होती?

प्रश्न 14. दिए गए प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए :- (कोई दो) **[4]**

(i) मान्या की ख़ुशी का क्या कारण था?

(ii) राजा ने तेनालीराम को क्या आदेश दिया?

(iii) ओणम का त्योहार क्यों मनाया जाता है?

(iv) ' कभी हार नहीं होती ' कविता की चार पंक्ति लिखिए ?

खंड घ लेखन –कौशल

प्रश्न 15. **निम्नलिखित में किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :- (कोई एक)** **[5]**

(i) पेड़ों के लाभ

(ii) मेरा परिवार

प्रश्न 16. **निम्नलिखित में किसी एक विषय पर पर संवाद लिखिए :- (कोई एक)** **[5]**

(i) साइकिल खरीदने के लिए पिता -पुत्र के बीच संवाद

(ii) फलवाले और ग्राहक के बीच बातचीत

================== "शुभकामनाएँ" ==================